आर्योदय

ARYODAYE

Read Aryodaye on line -- www.aryasabhamauritius.mu

Aryodaye No. 329 ARYA SABHA MAURITIUS *16th Mar. to 27th Mar. 2016*

LET US LOOK AT EVERYONE WITH A FRIENDLY EYE

- VEDA

आत्मा का वास कहाँ है ?

Où réside l'âme ?

ओ३म्। पुण्डरीकं नवद्वारं त्रिभिर्गुणेभिरावृतम् ।
तस्मिन् यद् यक्षमात्मन्वत् तद् वै ब्रह्मविदो विदुः ।। *अथर्ववेद १०/८/४३*

Om ! Pundarikam navadwāram tribhirgunebhirāvritam.
Tasmin yad yakshamātmanvat tad vai brahmavido viduh. *Atharva Véda 10/8/43*

Glossaire / Shabdārtha

navadwāram – Le corps humain est pourvu de neuf portails ou ouvertures : sept se trouvent dans la tête: deux narines, deux yeux, deux oreilles et une bouche, et deux dans les parties inférieures – le sexe et l'anus; **pundarikam** – un cœur merveilleux, vertueux, immaculé (pur) comme le lotus; **tribhih** – par trois tempéraments (ensemble des tendances d'une personne qui conditionnent ses réactions et son comportement)

Ces trois tempéraments sont connus comme trois 'gunas' en Hindi.

1. Sātavik – des pensées sublimes et des actions nobles

2. Rajasik – avarice, ambition démesurée, assouvissement des plaisirs sensuels

3. Tāmasik – les ténèbres de l'ignorance, des pensées infâmes ou ignobles, des actes répréhensibles; **gunebhih**– selon ses humeurs / son tempérament, **āvritam** – encadré/entouré de ; **tasmin** - dans ce corps ; **ātmanvat** – l'âme individuelle ; **yat** – qui, que ; **yaksham** – adorable, admirable ; **tat** – ce ou celui qui ; **vaï** – seul ; **brahmavidah** – les sages, les érudits, les ascètes ; **viduh** – peuvent savoir, reconnaitre ou identifier et se représenter / s'imaginer avoir la vision de.

Avant – propos

Selon la philosophie védique, il ya trois entités dans le monde : Dieu (Ishwar), L'âme (jiv/ātmā) et la matière primordiale (prakriti) – qui sont incréées et éternelles, sans commencement ni fin. Dieu, l'âme et la matière primordiale, existaient bel et bien avant la création de l'univers, affirment les Védas.

Ces trois entités sont étroitement liées dans l'univers. L'élaboration des attributs de chaque entité aidera à mieux comprendre ce verset védique.

Les trois entités sont de caractéristiques différentes. Elles ont leurs propres spécificités et existent différemment. Ceux qui croient que l'âme est nulle autre que Dieu, ou elle peut être assimilée à Dieu ou absorbée en Dieu se trompent énormément. L'âme ne peut pas être Dieu, et Dieu ne peut pas être l'âme.

Sachons que Dieu est unique au monde. Il n'a pas son pareil.

La matière primordiale (prakriti) :

A la différence de Dieu et de l'âme, la matière primordiale est inerte (sans vie), sans aucun égard envers quiconque et dépourvue de toute connaissance.

Les attributs de Dieu :

Dieu est L'Etre Suprême, glorieux et éternel. Il n'a ni commencement ni fin. Il est resplendissant et la source de toute lumière qui éclaire l'univers. Il est omniprésent, omniscient, tout-puissant et intrépide. Il pénètre perpétuellement tous les êtres vivants et l'univers. Il n'a ni physique (corps), ni visage et ni forme. Cependant il est l'observateur suprême de tous nos agissements, de nos bonnes actions et de nos comportements. C'est lui seul qui nous juge et nous accorde les fruits de toutes nos actions (récompenses ou châtiments).

En outre, c'est Lui qui nous pourvoit de la nourriture, la santé, la force physique et la compétence intellectuelle. Il est bien cette lumière vive qui brille dans tous les corps célestes, dans toutes les particules, dans toutes les créatures, dans tous les éléments de la nature et de l'univers. L'éclat de sa luminosité domine la nature et lui donne un cachet (une apparence) unique, splendide et merveilleux. Il est digne de notre reconnaissance et de notre adoration.

L'âme – (a) son contraste (b) ses attributs :-

(a) Son contraste avec Dieu --- Dieu n'est sujet ni à la naissance ni à la réincarnation. Il est immortel. Tandis que l'âme doit naître (assumer un corps) et réincarner (renaître dans un autre nouveau corps après la mort de son corps physique actuel). L'âme doit tout le temps se trouver, dans un corps physique à l'exception de la période de dissolution de l'univers (pralaya) et l'état de Moksha (le salut, la félicité éternelle.)

Dieu, étant incorporel et omniprésent, se trouve partout et à tout moment L'âme demeure à un seul endroit, c'est-à-dire, dans le corps qu'elle a assumé. Dieu pénètre toutes les âmes, tous les éléments de la nature et tout l'univers.

(b) Ses attributs -- L'âme est désintéressée, ferme, immortelle, éternelle, sans aucun désir, et elle se contente de sa nature. En somme, elle n'a aucune déficience ni faiblesse. Elle est parfaite à tous égards. Celui qui connait son âme comme étant ferme, éternellement jeune, n'étant pas sujette à la décadence ou au vieillissement, ne craint pas la mort.

Interprétation / Anushilan :

Le corps humain est doté d'un cœur merveilleux et immaculé (pur) semblable à un Lotus. Il est muni de neuf portails (ouvertures/portes) comme suit : deux yeux, deux narines, deux oreilles, la bouche et les deux parties intimes (le sexe et l'anus). Il doit aussi vivre avec ses trois tempéraments (tendances) ou trois 'gunas' tels que :-

(1) Sātavik – des pensées sublimes et l'exécution des actions nobles.

(2) Rajasik – avarice, ambition démesurée, assouvissement des désirs sensuels

(3) Tāmasik – les ténèbres de l'ignorances, des pensées malveillantes ou ignobles, des actes répréhensibles

Il doit savoir gérer ses trois tendances convenablement pour avoir une vie bien réussie.

Tout comme Dieu est le Maître Suprême de l'univers et c'est lui seul qui le gère en y initiant toutes les actions et tous les mouvements, de la même façon, c'est l'âme qui fait fonctionner le corps humain par le truchement de l'esprit ('mana'), de l'intelligence, des cinq sens d'acquisition de connaissances (5 Jnānendriyan), de ses cinq organes de principes physiques (5 'Karmendriyan') et aussi de ses trois tempéraments ou 3 gunas :-- Sātavik, Rajasik, Tāmasik.

Il y a aussi un fait indéniable, dans la vie de l'homme ou toute autre créature, que l'on ne doit pas oublier. On est en vie aussi longtemps que l'âme est dans notre corps, et dès qu'elle quitte le corps, c'est la mort.

Où se trouve l'âme dans notre corps ?

Ce verset de l'Atharva Véda nous éclaire : « L'âme réside dans la région du cœur (hridayākāsha) »

En fait, la présence de l'âme dans le corps, est comparable à l'oiseau enfermé dans une cage. Dans ce contexte le corps ressemble à la cage et l'âme à l'oiseau. Dans la cage de l'oiseau il n'y a qu'une seule porte ou ouverture qui reste toujours fermée. Si jamais cette porte arrive à s'ouvrir, l'oiseau délaissera la cage et s'envolera. Mais dans le cas de l'âme, c'est un mystère, voire un paradoxe. Bien que le corps humain soit pourvu de neuf portails qui restent éternellement grands ouverts, l'âme, cet oiseau merveilleux qui s'y trouve, ne s'enfuit pas et y reste.

Elle ne quittera la cage humaine qu'à un moment bien précis. C'est à la mort du corps. Bien que l'âme soit incorporel (n'a pas de corps physique) et informe (n'a aucune forme), elle doit vivre dans un corps à l'exception de l'état de Moksha et le Pralaya. Elle est invisible. C'est à dire on ne peut la voir de nos yeux biologiques.

Elle est seulement perceptible aux sages, aux ascètes et toute autre personne qui pratiquent la méditation selon les Védas et amplement élaborée par Maharishi Patanjali.

N. Ghoorah

सम्पादकीय

हर्षोत्सव होली

आर्यसमाज द्वारा आयोजित सभी उत्सव बड़े ही महत्वपूर्ण माने जाते हैं। हम समस्त आर्य परिवार बड़ी आस्था और लगन के साथ आर्य-पर्व-पद्धति अपने उत्सवों का भव्य आयोजन करते हैं। हमारे समस्त पर्वों में होली महोत्सव हमें हर्ष और आनन्द प्रदान करने वाला है। इस पर्व का महत्व इतना बड़ा है कि सभी लोग सारे भेद-भाव और शत्रुता भूलकर आपस में मिलकर खुशी मनाते हैं। इस प्रेम-मिलाप के वातावरण में हिन्दू समाज हर्षित हो जाता है।

होली के शुभावसर पर हम हर्षोल्लास में मस्त हो उठते हैं। एक दूसरे के साथ मिलकर गाते-बजाते और खुशी से नाचते हैं। हमारी सारी शत्रुता मिट जाती है, ईर्ष्या, द्वेष, वैमनस्य आदि अवगुण दूर हो जाते हैं। हममें एकता, सहयोग और प्रेम की भावना उत्पन्न हो जाती है। यह हर्षोत्सव हमारे जीवन में नई उमंग भर देता है। इसे बड़ी लगन के साथ मनाना चाहिए।

हम आर्य परिवार अपने उत्सव केवल आमोद-प्रमोद के लिए आयोजित नहीं करते हैं, बल्कि धार्मिक दृष्टिकोण से मनाते हैं। यज्ञ-महायज्ञ, ईश-भजन, धर्मोपदेशों द्वारा हम आध्यात्मिक सुख-शान्ति भी प्राप्त करते हैं। होली चाहे हर्षोल्लास का उत्सव है, परन्तु हम इस महोत्सव का शुभारम्भ यज्ञ द्वारा करते हैं, जिन धार्मिक कृत्यों से हमारे परिवारों और सामाजिक संस्थाओं में भक्ति का वातावरण छा जाता है ।

दुर्भाग्य से यह देखा जाता है कि आज हमारे बहुत से भूले-भटके भाई-बहन होली जैसे पवित्र त्योहार में रंग से खेलकर लथपथ हो जाते हैं, भाँग पीकर झूम उठते हैं, मादक-द्रव्यों का सेवन करते हैं। आपस में गाली-गलौच करते हैं, इस त्योहार में पागलों की तरह व्यवहार करके हमारे समाज को कलंकित कर देते हैं और फागोत्सव का महत्व घटा देते हैं।

समस्त आर्य बन्धुओं से नम्र-निवेदन है कि आप होली पर्व को बड़ी निष्ठा पूर्वक मनाएँ। झाल-ढोलक के साथ होली गान का भव्य आयोजन करें, अगर जुलूस बनाकर गाँव में यात्रा करनी हो तो बड़े ही नियन्त्रण और अनुशासन के साथ प्रबन्ध करें, ताकि शोभा-यात्रा का अच्छा प्रभाव अन्य लोगों पर पड़े और इस पर्व का महत्व स्थापित हो । यह ध्यान रहे कि अपने पर्वों की महत्ता बढ़ाना हमारा कर्तव्य है ।

आज यह देखा जा रहा है कि केवल शादी-व्याह, जन्मोत्सव, नूतन वर्ष और अन्य त्योहारों में हम प्रेम, सहयोग, एकता का प्रदर्शन करते हैं। इन अवसरों के बाद भौतिक भोगों के पीछे हम तनावपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं। अनेक परिवारों में प्रेम, एकता, सद्भावना और आपसी सहयोग का अभाव दिखाई देने लगा है, जिन कारणों से मतभेद पैदा होने लगा है और कई समृद्ध परिवार आपसी तनाव और झगड़ों के कारण बिखरते जा रहे हैं। परिवार के सदस्य स्वार्थी, लापरवाही और कुसंगी बनकर विनाश की ओर अग्रसर होते जा रहे हैं ।

होली हमें यह संदेश देती है कि हमें जीवन पर्यन्त एक साथ मिलकर प्रेमोल्लास के साथ जीना चाहिए। बड़ी आस्था पूर्वक ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञ, निस्वार्थ-सेवा, माता-पिता, गुरुजनों और श्रेष्ठात्माओं का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि एक दूसरे के हित में जीना मानव कर्तव्य है, मानवता की पहचान यही है ।

ईश्वर की ऐसी कृपा हो कि हम हर वर्ष की तरह इस वर्ष, भी सारे भेद-भाव आदि भूलकर अपने रंगोत्सव का भव्य आयोजन करें और अपना भावी जीवन एक दूसरे के मेल-मिलाप, प्रेम और अनुभवों से रंगीन बनाने का संकल्प लें ।

पावन पर्व होली हम सभी के जीवन में नया रंग भरे और परमात्मा से यही प्रार्थना है कि दीन-दुखियों, रोगियों, अनाथों, असहायों का जीवन रंगीला बनें ।

बालचन्द तानाकूर

गतांक से आगे

श्री सिपरसाद रामलाल गुमाणी, ओ.बी.ई

सत्यदेव प्रीतम, सी.एस.के., आर्य रत्न

प्रकाश चन्द्रदत्त डी.ए.वी कोलिज, पोर्ट लुई में वरिष्ठ अध्यापक थे। दो लड़कियाँ और एक लड़का विदेश में वास कर रहे हैं। इन के सभी बच्चे शिक्षित हैं। इन्दिरा जो विदेश में हैं वह मोरिशस में स्वास्थ मंत्रालय में सेवारत थी। प्रियम्बदा सामुदायिक स्वास्थ अफ़सर (Community Health Officer) थीं जो इन दिनों अवकाश लेने के बाद सामाजिक सेवा कर रही हैं। पुरोहिताई का कोर्स भी ले रही हैं। देव्यानी शिक्षा मंत्रालय में सेवा दे रही है तो अविनाश कृषि मंत्रालय में और विपिनचन्द्र पिता जी के कदम चिह्न पर कदम रखकर चल रहे हैं।

रामलाल गुमानी जी का जैसे पारिवारिक जीवन सफल रहा उससे कम सफल नहीं रहा उनका सामाजिक जीवन। विवाह से पहले ही वे सामाजिक गतिविधियों में संलग्न हुए। १९३१ में पेचित रोज़ाली आर्य समाज की स्थापना मित्रों की सहायता से हुई। फिर एक के बाद एक पाम्लेमुस, लेस्पेराँस पीतों आदि समाजों की स्थापना करवाई। सन् १९४७ में पुरानी सभा परोपकारिणी के कोषाध्यक्ष नियुक्त हुए। उस जमाने में आर्य समाज दो भागों में विभाजित हो गया था। एक भाग परोपकारिणी कहलाता तो दूसरा भाग प्रतिनिधि। सन् १९५० में जब स्वामी स्वतन्त्रानन्द अपनी मोरिशस की दूसरी यात्रा कर रहे थे तो उन्हें पता चला था कि आर्य समाज में वर्षों से विभाजन चल रहा था। दोनों को फिर से जोड़ने का प्रयास किया और उनका प्रयास अच्छा फल लाया। पर बहुत दिनों तक एक साथ नहीं चल पाये। फिर से विभाजित हो गये। बाद में जब स्वामी ध्रुवानन्द जी आये प्रचारकार्य करने के लिए तो दृढ़ संकल्प के साथ दोनों को एक करने में सफल हुए और दोनों के विलय के बाद नाम पड़ा 'आर्य सभा मोरिशस' और दोनों के द्वारा अलग निकाले जा रहे – पत्रों को भी एक दूसरे में मिलाकर एक नाम दिया 'आर्योदय'। और तब से अब तक दोनों नाम कायम है 'आर्यसमाज' और 'आर्योदय'।

१९६४ से १९७२ तक आठ वर्षों के बीच रामप्रसाद जी आर्य सभा के मन्त्री बनें और धीरे धीरे अनेक समितियों का प्रतिनिधित्य भी किया। इन ९ वर्षों तक तन-मन से काम किया। आर्य सभा जैसी बड़ी और सम्मानीय समाज का मन्त्री बनना सभी को सौभाग्य प्राप्त नहीं होता। एक व्यक्ति को ऐसा मौक़ा मिल जाता है तो उसका व्यक्तित्व बन जाता है। वह दिन ब दिन ऊपर उठते जाता है। जिन मुख्य उपसमितियों में उन्हें सेवा करने का मौक़ा मिला वे इस प्रकार हैं — डी.ए.वी. कोलिज समिति, पुस्तकालय समिति, शिक्षा समिति आदि। वेद प्रचार समिति के प्रधान के रूप में भी अपनी अमूल्य सेवादी।

सन् १९७१ ई० में राजस्थान, भारत के एक राज्य में ११ वाँ आर्य महा सम्मेलन लगा था जिसकी अध्यक्षता मोरिशस के तत्कालीन प्रधान मंत्री सर शिवसागर रामगुलाम ने की थी। उसमें भाग लेने का सौभाग्य रामलाल जी को प्राप्त हुआ था। उसके बाद अन्य सम्मेलनों में भी सम्मिलित होने का अवसर मिला। जैसे केन्या की राजधानी नायरोबी, भारत और अन्य देशों में जाने का भी मौका मिला। उन सब देशों के भ्रमण करने पर उनका अनुभव उत्तरोत्तर बढ़ता गया।

उनकी लम्बी निस्वार्थ सामाजिक सेवा को देखकर मोरिशस की सरकार ने उनको सम्मानित करने का निश्चय किया। उस ज़माने में हालाँकि मोरिशस एक स्वतन्त्र देश हो गया पर तब तक इंग्लैण्ड से ही हमारे सेवकों को सम्मानित किया जाता था। तत्कालीन प्रधान मंत्री सर शिवसागर की शिफ़ारिश पर इंग्लैण्ड की महारानी ने रामलाल जी को ओ०बी०ई० की उपाधि से, १९७५ में सम्मानित किया था।

रामलाल जी के सेवा का क्षेत्र सीमित नहीं था। वे गाँव के कल्याण के बारे में भी सोचते रहते थे। हर ज़िले के गाँव गाँव में ग्राम परिषदें थी। अपने आर्यसमाज की सेवा से थोड़ा सा समय निकाल कर अपनी बस्ती के निकटवर्त्ती गाँव देपिने की ग्राम परिषद् (Village Council) के सान्निध्य में रह कर कार्य किया। सन् १९६६-६७ में पाम्प्लेमूस-रिव्येर जू राम्पार ज़िला परिषद् के अध्यक्ष भी चुने गए थे। उनके गाँव के सभी लोग उन्हें 'ले मेर' नाम से पुकारते थे। जिसका मतलब होता है नगर का पौर या गाँव का मुखिया।

उनकी बस्ती के निकटवर्ती गाँव 'विलबाग' में 'ज़ माऊँट' (The Mount) चीनी कोठी द्वारा संचालित चावल और Champignon का एक कारखाना चलता था। १९६५ के दरमियान रामलाल ने उसकी भी जिम्मेदारी सम्भालती थी।

पेचित रोज़ाली के आर्यसमाज मंदिर में सायंकालीन हिन्दी पाठशाला उन्हीं की देख-रेख में चलती थी। वहाँ पर सप्ताह के पाँचों दिन हिन्दी की पढ़ाई होती थी। उन्हीं की एक लड़की प्रियम्बदा वहाँ पढ़ाती थी। ऐसे सच्चे सेवक होते हैं जो केवल बोलते नहीं बल्कि कार्य में परिणत करके दिखाते भी थे। उसी हिन्दी की बैठक में जहाँ शाम को हिन्दी पढ़ाई जाती थी दिन में गाँव के शिशुओं को भी पढ़ाया जाता था जिसे मोरिशस के परिप्रेक्ष्य में 'ti l'ecole' या 'L'ecole Maternelle' कहा जाता है।

सेवा कार्य करने से एक व्यक्ति ऊपर उठकर सम्मानित होने लगता है यहाँ तक कि भारत या अन्य देशों से आने वाले लोगों को अपने समाज में वा अपने गृह पर भी स्वागत करते हैं। रामलाल जी के घर पर भारत के महान् विद्वानों, महात्माओं और संन्यासियों जैसे स्व० ध्रुवानन्द, महात्मा आनन्द भिक्षु, स्व० स्वतन्त्रानन्द, स्व० अभेदानन्द, स्व० दिव्यानन्द जी महाराज आदि की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

नौकरी से अवकाश लेने के बाद कुछ समय अपने गाँव में रहे जहाँ से उन्होंने आर्यसमाज के क्षेत्र से अलग विभिन्न गाँवों के प्रशासन में भाग लिया। फिर एक दिन ऐसा आया कि मन बना लिया शहर में आकर वास करने का, तो उन्होंने बो बासें शहर को चुना। स्वामी दयानन्द गली में स्थित आर्यसमाज के मेम्बर बनें जहाँ पर सन् १९७८ से लेकर अपने अन्तिम दिनों तक सक्रिय भाग लेने लगे और समाज के संचालन में न केवल योगदान देते रहे, बल्कि आर्य सभा मोरिशस के अन्तरंग सभा के सदस्य होने के नाते आर्थिक दान दिलवाने में भी सहायता की।

इस लिए जब नया समाज मंदिर बनकर उद्घाटन किया गया तो उनका नाम अंकित किया गया उद्घाटन के नामपट पर, अन्य लोगों के नामों के साथ।

एक दिन तो सभी को इस लोक को छोड़ कर जाना ही पड़ता है। जो जन्म लेकर आता है वह जाने का नाम ही लिखवा कर आता है। रामलाल गुमानी तो अपवाद नहीं हो सकते, पर उनकी मौत के बारे में देख-सुन और पढ़कर कितनों को ईर्ष्या हो सकती है, कि काश हमारी भी अन्तिम विदाई वैसी ही होती। पर मृत्यु हमारी इच्छा पर निर्भर नहीं होती। जनम-मरण भगवान् के हाथ में होते हैं। उस अंतिम रविवार को आदत के मुताबिक अपने घर को छोड़कर पैदल ही मंदिर गए, यज्ञ में भाग लिया।

शेष भाग पृष्ठ ३ पर

देकर भूल जाओ -- लेकर कभी नहीं

रमावध राम

"Look at the big tree, the long branches, the beautiful flowers, the green leaves, the delicious fruits, come my children, eat the fruits, the fruits are for you! eat the fruits but, do not forget, the roots."

देखो ये बड़े-बड़े पेड़, ये लम्बी शाखाएँ, ये हरी पत्तियाँ और ये स्वादिष्ट फल। आओ बच्चो फल खाओ, ये फल तुम्हारे हैं; फल खाओ मगर जड़ों को मत भूलो। जिस तरह हम स्वामी दयानन्द जी का उपकार कभी नहीं भूलते, ठीक वैसा ही हम पण्डित वासुदेव विष्णुदयाल जी का उपकार को नहीं भूलना चाहिए। वृद्ध लोग तो जानते हैं, पर आज का नवजवान नहीं जानेंगे। आज जो इतना वैदिक प्रचार-प्रसार आर्य सभा द्वारा हो रहा है। यहाँ तक कि 'विशेष गुरुकुल चलाने का धार्मिक कार्य करने का साहस होने जा रहा है, थोड़ा सोचना चाहिए, जो पं० विष्णुदयाल ने शुरू किया था। १९३९ में वे भारत से एम.ए. करके लौटे, वे बड़े प्रेम से ऊँची जगह पर होकर मान-प्रतिष्ठित हो सकते थे। पर उनका उद्देश्य और कुछ था। तभी तो हिन्दुओं की दशा-सुधारना चाहते थे। पढ़ो हिन्दू सभी हिन्दी अ, आ, इ, ई यह ऋषियों की भाषा है क, ख, ग, देवताओं की भाषा है।

जब हमें ओ३म् बोलने का अधिकार नहीं था, उन्होंने ओ३म् झण्डा फहराया – यह ओ३म् का झण्डा आता है, सोने वालो जाग चलो। यह सूर्य वेद का चमका सोने वालो यही नहीं सेवा-समिति सेवक बनाया।

जन आन्दोलन न आता इस मोरिशस में तो जनता को कौन जगाता, आर्य-संतान में, जो झगड़ा था, उसको कौन मिटाता, कौन सिखाता। इन सभी सुधार कार्यों के लिए, उन्हें चार-बार जेल की यात्रा करनी पड़ी। *शेष बाद में*

Some very good things... Some very bad things...

The most destructive habit: ... Worry
The greatest Joy: ... Giving
The greatest loss: ... Loss of self-respect
The most satisfying work: ... Helping others
The ugliest personality trait: ... Selfishness
The most endangered species: ... Dedicated leaders
Our greatest natural resource: ... Our youth
The greatest "shot in the arm": ... Encouragement
The greatest problem to overcome: ... Fear
The most effective sleeping pill: ... Peace of mind
The most crippling failure disease: ... Excuses
The most powerful force in life: ... Love
The most dangerous pariah: ... A gossiper
The world's most incredible computer: ... The brain
The worst thing to be without: ... Hope
The deadliest weapon: ... The tongue
The two most power-filled words: ... "I Can"
The greatest asset: ... Faith
The most worthless emotion: ... Self-pity
The most beautiful attire: ... SMILE!
The most prized possession: ... Integrity
The most powerful channel of communication: ... Prayer
The most contagious spirit: ... Enthusiasm
The most important thing in life: ... GOD

Courtesy : Internet

Contributed by
Yogi Bramdeo MOKOONLALL, Darshanacharya
Arya Sabha Mauritius

ओ३म्

सेवा में ज्ञात हो कि ***आर्य सभा मोरिशस, सावान आर्य ज़िला परिषद्*** *के सहयोग से* ***राष्ट्रीय स्तर पर नवसंवत्सर एवं आर्य समाज स्थापना दिवस महोत्सव*** *के संदर्भ में* ***एक त्रिदिवसीय महायज्ञ*** *का आयोजन कर रही है।*

Nav Samvatsar Utsav and Arya Samaj Sthapna Diwas

The President & Members

ARYA SABHA MAURITIUS

in collaboration with

SAVANNE ARYA ZILA PARISHAD

extend a cordial invitation to you, your family & Samaj members to a

3-Day Mahayajna

Venue : Foolbasseea Babooram Ashram, Belle Vue, Chemin Grenier.

Date & Time :
Wednesday 06 April 2016 – 3.30 p.m to 5.30 p.m.

Thursday 07 April 2016 – 3.30 p.m to 5.30 p.m.

Friday 08 April 2016 – 9.30 a.m. – Noon.

नोट - *शुक्रवार ८ अप्रैल को इस कार्यक्रम का सीधा-प्रसारण टेलीविज़न पर होगा। अतः निवेदन है कि आप समय से १५ मिनट पूर्व अपना आसन ग्रहण करने की कृपा करें ।*

The programme of 08.04.2016 will be telecast live. Guests are kindly requested to be seated by 9.30 a.m.

Various eminent personalities will grace the function by their presence.

प्रतिदिन आप सभी को भोजन से सत्कार किया जाएगा ।

Sahbhoj will be served every day.

Your presence will be highly appreciated.

N.B : Dhruvanand Pustakalaye will sell religious & cultural books at discounted prices.

A.S.M. O.N. Gangoo H. Ramdhony R. Ramjee
S.A.Z.P. R. Ramjee *President* B. Boolaky *Secretary* B. Bhowan *Treasurer*

इतिहास के अनमोल रत्न से लाभ उठाए

'छत्रपति शिवाजी' पुस्तक का परिचय

'छत्र पति' शिवाजी पुस्तक के सुविख्यात लेखक पं० आत्माराम हैं। इसमें महाराष्ट्र के कूल भूषण छत्रपति शिवाजी के आदर्श तथा रहस्यमय जीवन की प्रायः सभी जानने योग्य बातों का वर्णन है । लेखन शैली मनोहर और भाषा पानी जैसी सरल है। इसमें कास्कावेल हरिद्वार मंदिर के कई सुन्दर चित्र भी हैं । कवर आदि मिलाकर पृष्ठ संख्या लगभग ८५ है । इतिहास प्रेमियों के लिए यह पुस्तक एक बड़ी क़ीमती चीज़ है। इसमें जो 'शुद्धि और संगठन' प्रकरण आया है, वह प्रत्येक हिन्दू के लिए मनन करने योग्य विषय है।

गत् वर्ष तमाम भारत वर्ष में शिवाजी महाराज का त्रिशती सांवत्सरिक जन्मोत्सव मनाया गया था। ऐसे मौके पर मॉरीशस के हिन्दुओं को भी उक्त महापुरुष के जीवन-चरित्र का ज्ञान करा देना आवश्यक समझकर 'मराठी प्रेस वर्द्धक मण्डली' के अध्यक्ष श्रीयुत लक्ष्मण राधोजी पवार ने यह पुस्तक निजी खर्च से छपवाकर मुफ़्त में वितरित करवाई है। इस उत्साह के लिए महाशय राधोजी पवार अवश्य धन्यवाद के पात्र हैं।

मॉरिशस आर्य पत्रिका २२.३.१९२९
प्रेषक प्रह्लाद रामशरण

पुस्तक समीक्षा

सत्यदेव प्रीतम की 'कतिपय समाज सेवी'

ब. नौबतसिंग

मॉरीशस के साहित्य क्षितिज में सत्यदेव प्रीतम को कौन नहीं जानता है। आप भोजपुरी और हिन्दी में रेडियो और टी.वी. में प्रोग्राम करते-करते मशहूर हो गए हैं। करीबन सभी युवा और वयस्क आप के नाम से परिचित हैं। आप आर्य सभा के कर्मठ सेवकों की सूची में गिने जाते हैं। आर्य सभा, केंद्र या शाखा में, देश में जहाँ भी प्रोग्राम होता है, आप अवश्यमेव पहुँच जाते हैं।

इसी साल में, सन् २०१५ में, आप की पुस्तक प्रकाश में आई है, शीर्षक है 'कतिपय समाज सेवी'। समाज सेवकों की सूची इतनी लम्बी है कि आप ने पुस्तक को दो भागों में बाँट दिया भाग एक और भाग दो।

भाग एक में इन आर्यसमाज सेवियों की जीवनियाँ हैं –

१. निरीक्षक और हिन्दी लेखक संघ के संस्थापक, स्व० पं० धर्मवीर घूरा शिक्षक,
२. महादानी सुनार, मोतीलाल नीर्गिन,
३. अग्निहोत्री, स्व० भरत मोधू
४. गायक और लेखक, पं० देवजीत श्रीमन्तो
५. वन विभाग के उच्च अधिकारी, देवऋषि बूलेल
६. फुटबॉल खिलाड़ी, भिमल मंगर
७. मेहनती बढ़ई, शिव बुलाकी
८. अएरमिताज़ के सामाजिक केंद्र के सह-संस्थापक, लालबिहारी मोहाबीर
९. प्रांतीय परिषद् के संस्थापक मिहिलोल धनपथ
१०. निर्भिक शुद्धि कर्त्ता, शिवदोयाल रामनाथ
११. बालगोबिन आश्रम के पूर्व मानेजर, स्व० सूर्यप्रकाश तोरल
१२. वैरागी, साधु राम बने स्वामी सत्यानन्द
१३. महादानी, स्व० ब्रह्मदत्त नन्दलाल
१४. हिन्दी अध्यापक, स्व० गोइनसामी तानतानी
१५. नाटकों के अभिनेता, लक्ष्मीनारायण दसोई
१६. एक स्वनिर्मित सेवी, शिवदत्त भवानी
१७. मताधिकार का एक कर्मयोगी, देबीदीन रामचरण
१८. विदूषी और गयासिंह आश्रम की अथक सेविका, चन्द्राणी बखोरी;

भाग दो में इन महानुभाओं के नाम आते हैं –

१. पं० राजगुरु रामसारा, विद्या वाचस्पति
२. वैदिक पथिक, हितलाल मोधू
३. स्वामी सोमानन्द
४. मदन मोहन रामयाद,सी.आई.ओ., उर्फ़ पी.एस.
५. एक तपस्वी आत्मा, बालचन्द तानाकूर
६. एक आदर्श पिता, बाल्मिक चूनी
७. कर्मठ सेवक, देवदत्त देबिया जी
८. गाड़ीवान पं० दीनदोयाल बंधन
९. विख्यात साहित्यकार, इन्द्रदेव भोला इन्द्रनाथ, पी,बी.एच.
१०. एक प्रभावी व्यक्तित्व, नरेन्द्र घूरा
११. प्रतिभाशाली साहित्यकार, प्रह्लाद रामशरण
१२. राजेन्द्रप्रसाद रामजी,एम.एस.के, आर्य भूषण

आप की भाषा-शैली जनसाधारण और सीधे बोलचाल की भाषा है; छिट-पुट मुहावरे और लोकोक्तियाँ है, रुपक और उपमा अलंकारों से सुसज्जित है – मसलन - अपनी सींग कितना भारी क्यों न हो, खुद को ढोना पड़ना, तूती बोलना, भगवान् को प्यारे होना, बाजी मार जाना, एक नक़द न तेरह उधार, इत्यादि ।

आप को मालूम है कि एकदम संस्कृत-निष्ट हिन्दी लिखने से बेहत्तर है गैर भाषाओं के आम जनता में प्रचलित शब्दों को, चाहे वे अंग्रेज़ी हो या उर्दू या अन्य, अपनाना और इस्तेमाल में लाना – लाइन, बाज़ दफ़ा, स्कूल, नापाक इरादा इत्यादि। इस तरह करने से भाषा जीवित और आधुनिक मोर्चे पर डटी रहती है। प्रूफ़ रीडिंग सराहनीय है।

भारतीय आप्रवासी यथार्थ गंभीर परिस्थिति में कैसे जी कर समाज की उन्नति कर पाई है। यह दर्शाने के लिए आप ने सफल कोशिश की है। दासत्व की दशा में जी रहे भारतीय आप्रवासी मामूली घर के लोग किस तरह खून-पसीना एक कर के एक टुकड़ा ज़मीन का सपना देखते हैं – भारतीय आप्रवासी के चरित्र में यही एक विशेष बात थी। इसी लिए अन्य लोगों के मुकाबले, निजी, समाज और सम्पूर्ण देश को प्रगति की राह पर वे ला पाये। अगर मॉरीशस स्वर्ग-नुमा है तो उनकी ही बदौलत। परिश्रम का फल मीठा होता है, आलस्य लोग वही के वही रह जाते हैं ।

आपने महिलाओं में सिर्फ़ एक को चुना है। आशा है तीसरे भाग में और महिलाओं को शामिल करेंगे ।

"Les paroles s'envolent, les ecrits restent"

डॉक्टर महीप सिंह ने लिखा है - 'किसी भी देश में सही इतिहास का ज्ञान उस कालावधि में घटी स्थूल (राजनैतिक) घटनाओं के द्वारा ही नहीं लिखा जाता। उन घटनाओं की अनुगुँज (सामाजिक पहलू, कार्य-कलाप, रहन-सहन, आर्थिक स्थिति) दूर-दूर तक फैलती है; वहीं अनुगूँज प्रत्येक व्यक्ति और समाज को बनाती है।' अतएव मैं आप सत्यदेव प्रीतम जी, अनुरोध करता हूँ कि जितना ज्ञान कूट-कूट कर भरा है आपके रेडियो प्रोग्रामों में - मानो गागर में सागर है – उनका निचोड़ (अनुगुँज) हमें एक पुस्तक के रूप में या कई भागों में कृपया प्रदान करें। 'कतिपय समाज सेवी' पुस्तक के अनुरूप ही सही। 'कतिपय समाज सेवी' पुस्तक में ही आप ने खुद लिखा है 'बोल उड़ती है, लिखित रहता है।' इतिहास के पन्नों ग्राह्य जानकारी रखते हैं, इसीलिए पूर्वकालीन सामाजिक गतिविधियों को समाविष्य करें ।

सूची में से कुछ सेवक ईश्वर को प्यारे हो गए हैं ।

पुस्तक पकी उम्र के पाठकों को पढ़ने में सुविधा होती है क्योंकि आपने उसे मोटे अक्षरों में छपवाई हैं ।

देश के हर कोने में बसे आर्यसमाज सेवकों पर आप ने कलम चलाई है। आपने जीवनी लेखन का प्रणयन किया। दासत्व की दशा में दरदर ठोकरें मारे-फिरते लोगों को उजागिर किया है । आपने ऐतिहासिक भित्ति पर प्रतिष्ठित कर कर्तव्य-निष्ठ लोगों पर लिखा है ।

आप की कड़ी मेहनत केलिए मैं कोटिशः बधाईयाँ देना चाहता हूँ ।

भारतीय संस्कृति

लक्ष्मी जयपोल

संस्कृति शब्द का मूल भाव संस्कार एवं परिमार्जन है। मानव की सर्वोत्तम उपलब्धि को संस्कृति कहा जाता है। मुनि विद्यानंद के अनुसार संस्कृति संस्कार के पुंज का नामांतर है। मैथ्यू अर्नोल्ड के अनुसार जो कुछ सबसे अच्छा सोचा गया है अथवा जाना गया है ।वह संस्कृति है।

भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है। यह संस्कृति आर्यों की संस्कृति है और यह पूर्वजों की देन है। यह मानव जीवन का अभिन्न अंग है। यह संस्कृति जन्म-जन्मांतरों से हस्तांतरित की जा रही है। भारतीय संस्कृति कालजयी, दीर्घजीवी, अनोखी, विश्वजनित एवं सार्वभौमिक है। संस्कृति परिवार की आधारशिला होती है। अन्य संस्कृतियों ने भारतीय संस्कृति को प्रेरणा-स्रोत, आदर्श एवं मानदण्ड मानकर ग्रहण किया है।

भारत के सांस्कृतिक वाङ्गमय में दो ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं रामायण और महाभारत। राम और कृष्ण दो महापुरुषों एवं अलौकिक गुणों के धनी माने गए हैं। जनता उन्हें भगवान मानकर पूजते हैं। भारतीयों ने इन महापुरुषों को केन्द्र एवं आधार-बिन्दु बनाकर अपने जीवन को संस्कृत किया। संस्कृति मूल्यों की नींव है और मनुष्य के जीवन का निर्माता एवं शैलीकार है। मनुष्य एक सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्राणी है।

भारतीय संस्कृति हमारे जीवन के दीपस्तम्भ है और हमारे ज्ञान-रूपी सागर है। धर्म एवं आध्यात्मिकता भारतीय संस्कृति के शरीर ने नेत्र हैं जिनके द्वारा हम अपनी आत्मा के दर्शन कर सकते हैं। वह अद्भुत जीवनी-शक्ति, अद्वितीय एवं विचित्र शक्ति-स्वरूप है। भारतीय संस्कृति में वेद, उपनिषद आदि निहित है। आध्यात्म एवं बुद्धि संस्कृति का स्वरूप है। धार्मिक एकता एवं सहिष्णु संस्कृति की प्रमुख विशेषता है।

उदार दृष्टि एवं ग्रहणशीलता भारतीय संस्कृति का मूल मंत्र है। भारतीय परिवार में पुत्र को अत्यंत महत्व दिया जाता है। भाई-बहन का सम्बन्ध परम पवित्र, स्वार्थहीन एवं स्नेहपूर्ण है। भारतीय संस्कृति विश्व कल्याण को प्रमुख मानता है। यह संस्कृति सर्वतोन्मुखी, विकासमयी एवं सदैव प्रवाहमान रही है। आध्यात्मिकता भारतीय संस्कृति की आत्मा एवं लेप है। इसे सनातन संस्कृति भी कहते हैं। पुरुषार्थ को अत्यंत महत्ता दी गई है। धर्म संस्कृति की धुरी है ।

संस्कृति समाज की विरासत है और यह समाज का प्राण-तत्व है। इसके अतिरिक्त वह उसकी पथ-प्रदर्शिका भी है। व्यक्ति का आचरण एवं उसकी रहन-सहन को सभ्यता माना गया है।

सभ्यता बाह्म व भौतिक होता है और संस्कृति की अभिव्यक्ति को सभ्यता माना गया है। संस्कृति को सर्वोत्कृष्ट एवं विशिष्ट माना गया है और संस्कृति के बिना व्यक्ति अपनी पहचान की स्थापना नहीं कर पाता है। कहते हैं कि जिस व्यक्ति में प्रेम नहीं होता है उसमें जीवन नहीं होता है। संस्कृति की रक्षा एवं पोषण सभी का उत्तम धर्म एवं कर्तव्य है।

सामाजिक गतिविधियाँ

एस. प्रीतम

राष्ट्रीय दिवस

पिछले ४८ वर्षों से आर्य सभा देश की स्वतन्त्रता दिवस मनाती आ रही है। कभी ऐसा नहीं हुआ कि एक साल नहीं मनाया गया। १९९२ से एक ही साथ गणतन्त्र दिवस भी मनाते हैं ।

इस साल गत रविवार दि० १३ मार्च को एम.एस.एम. राजनीतिक पार्टी के नेता माननीय प्रवीण जगनाथ के नेतृत्व में मनाया गया। देश के कोने-कोने से आर्यसमाजी भाई-बहनों की अच्छी उपस्थिति थी। मौक़े पर रोचक राष्ट्रीय कार्यक्रम पेश किए गये। अनेक विद्वानों द्वारा भाषण भी हुए। विविध सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

ऋषि बोध एवं दयानन्द दशमी

फाल्गुण का महीना 'दयानन्द मास' से विख्यात होता जा रहा है। देश के सभी आर्य मंदिरों में ये दोनों उत्सव उत्साह के साथ मनाये गए। इसकी शुरुआत ब्वाशेरी की महर्षि दयानन्द सरस्वती सरकार पाठशाला में हुई और पं० काशीनाथ किस्तो आर्यन वैदिक स्कूल के प्रांगण में विशाल पण्डाल में चार दिवसीय कार्यक्रम से समाप्त हुआ।

४, ५ एवं ६ मार्च को सायंकाल ३.४५ से लेकर ५.४५ या ६.०० बजे तक बहुकुण्डीय यज्ञ से शुरू होकर भाषण, भजन और अन्त में भोजन से समाप्त हुआ। नित्य प्रति शाम को सभी लोगों को भोजन से सत्कार किया गया। भोजन दाताओं को हार्दिक धन्यवाद। हमें चारों तरफ़ से सहायता व सहयोग प्राप्त हुआ। विशेष धन्यवाद हम देना चाहेंगे। वाक्वा समाज के तरुण प्रधान को और उनके सभी सदस्यों को जिन्होंने पूरे कार्यक्रमों को सफल बनाने में कोई कसर बाक़ी नहीं छोड़ी।

पृष्ठ २ का शेष भाग

अन्यचन्द लोगों के अलावा उन्हें भी दो शब्द कहने का मौका मिला पर किसको मालूम था कि उनका अन्तिम सम्बोधन होगा। शान्ति पाठ के बाद सभी लोग घर जाने लगे; वे भी अपनी कुरसी से उठकर जाने की तैयारी में लगे। पर कुछ ही कदम आगे बढ़े थे कि पाँव लड़खड़ाने से गिरने लगे। लोगों ने हाथों से थाम लिया, मेज़ पर लेटाया गया पर बहुत देर हो चुकी थी पक्षी पिंजड़े को छोड़कर उड़ चुका था।

निष्प्राण काया को उठाकर घर पहुँचाया गया। कानों-कान समाचार जंगल की आग के समान इस छोर से उस छोर तक पहुँचने की देर थी कि लोगों का मेला लगने लगा। अगले दिन बेशुमार लोगों के बीच उनकी अर्थी उठायी गयी और उठाकर ले जायी गई शेबेल की शमशान भूमि में, जहाँ आर्यसभा के पुरोहित श्री रामलगन, धरमवीर घूरा और भरत कौड़िया आदि ने वेद मंत्रों के द्वारा विधि पूर्वक अन्तिम संस्कार पढ़ा। देखते-देखते हाड़-माँस का पूतला अंगिन का ग्रास बन गया। शरीर जलकर भस्म हो गया। 'भस्मान्तंशरीरम्'

मानव तेरे शरीर की यही गति है,
चाहे वह किसका शरीर हो
इस धरती पर तो राम भी आया है
कृष्ण भी आया है दयानन्द भी आया है
पर गति सभी के शरीर की समान होती है
कोई इससे बचता नहीं
न कोई बचा है
न कोई बचेगा ।

जीवनी लिखकर समाप्त करते-करते 'वेद मंत्रों का अध्ययन करें और जीवन सफल करें' जो रामलाल जी गुमानी की पुण्य स्मृति में सन्ध्या की एक लघु पुस्तिका हाथ लग गयी जो श्रीमती रामलाल गुमानी की धर्म पत्नी द्वारा प्रकाशित है पुस्तिका के रचयिता स्वामी वेदानंद तीर्थ हैं और आर्यसभा की वेद प्रचार समिति द्वारा प्रकाशित और वितरित।

D.A.V College, Port Louis : The journey continues

1. Resumption of School

DAV College Port Louis has stepped in its 51st year of schooling service. The college had a very busy and successful year in 2015. The journey continues with another bulky agenda set to ensure that the college thrives with even more success. Our plans are well set for this year. Extra-curricular activities throughout the year 2016 include Cross Country, Rishi Bodh Celebrations, National Day Celebrations, Prize Giving Day, Sports Day, Blood Donation & Health Screening Day, English Day, Maths Day, Food Day, French Day and Hindi Day.

The college will continue to nurture the spirit of hard work and emphasise on its deep-rooted philosophy which are embedded on discipline and values-based education to ensure the overall development of all students.

2. Admissions

The 2016 new students constitute 3 classes of Form 1 and 1 class of the Prevocational stream. The college undertook a performance screening / diagnosis exercise by setting a CPE-level examination for the Form 1 students and another specific assessment for the Prevocational students.

The assessment for the Form 1 students was an internal process by the college while that for the Prevocational students was completed in collaboration with the Ministry of Education. The aim behind doing this exercise is to properly channel these students from the very beginning of their secondary education to create more scope for success at SC and HSC.

3. School Certificate & Higher School Certificate Results

SC results had been from satisfactory to good in the past years with above 50% pass rates. The outcome of the 2014 examinations was a remarkable achievement with 75% for SC and 83.3% for HSC. 2015 SC results recorded a 92% pass rate, indeed 'une première.' This success is testament to the hard work and dedication of our pupils and staff as well as the able guidance of Mr. Moonindranath Varma, Chairman of the DAV College (Port Louis) Committee and the invaluable support of Arya Sabha Mauritius.

Gopaul Vimansha was ranked among the best performers in the 2015 SC Exams for Hindi Language (6th at national level) and Trisha Guness ranked 7th at national level in Hindi Literature.

4. Parmanan Mudhoo : a rising star in sports at national & International level

Parmanand, a 20 year old student of upper VI, has bagged several trophies at national and international meetings. His commendable progress and achievements deserve our greatest appreciation. A young person from very modest background has created his own space among high flyers of world sports.

A self-trained athlete, his immense passion for sports stirred him to step into athletics at a very young age. His performances earned him opportunities to join specific training sessions three times a week at the Germain Commarmond Stadium, Bambous.

Some of his recent achievements (20 June 2015 to 26 January 2016) at World Athletics Organisation (below 20yrs) – Category Junior include: (i) 100 M – Gold Medal: 10:05 S (record); (ii) 200 M – Gold Medal: 21:21S (record); (iii) 400 M – Gold Medal: 48:10 S (record); (iv) 2000 M – Gold Medal: 5:10 S (record). He ranked 1st in Mauritius and 3rd at international level and was awarded best athlete category junior for 2015.

5. The Narayan Sewa Sansthan,Udaipur, India

DAV College and Arya Sabha Mauritius welcomed a delegation from this renowned NGO which supports thousands of handicapped people and orphans in India by performing Free of Cost Corrective Surgeries, fabricating assistive appliances, providing free Education and rehabilitation programmes.

The Narayan Seva Sansthan aims to provide a new direction to the life of the physically challenged empowering them to lead an independent life. The delegation was in Mauritius with a view to tie-up with local NGO's to extend their charitable activities. This visit was hosted locally by the Global Rainbow Foundation (GRF), an NGO supporting persons with disabilities, founded by Mr. Armoogum Parsuramen, G.O.S.K.

Staff members of DAV College, Port Louis contributed the sum of Rs 2,000 as a token of appreciation to the works of the Narayan Seva Sanstan.

Thanks to GRF, one student of Pre-Voc. 2 of the college who was recently amputated of one limb after an accident will be given rehabilitation support as well as an artificial limb.

6. Arts Competition – Three winners

Form 2 students, Poonith Namesh, Buljore Jayesh and Lascie Marie Leanne participated in a national Cartoon Strip Competition organised by the Ministry of Education on 29 May 2015. It was about mounting a cartoon book requiring students to write their own original story and create their own sketches of cartoons.

The theme of the cartoon book was "Hard Work Pays" with a view to sensitize our young students on the importance of reading; to promote students' latent talent; to encourage students to create their own comic/cartoon books using their reading, writing, imaginative and artistic skills; to encourage the use of information and communication technologies and application of graphic software.

The Art works of our three students were selected to be kept at the Ministry of Education Library. They were rewarded with Certificate of Participation. Mrs M. Johare, Mrs Juboo, Mr Sookha, Mr Vikram provided logistics and support to these students.

7. Distribution of Dictionaries to the Form 1 students of DAV College

On the occasion of the celebrations of Rishi Bodh Mahotsav, members of the Port Louis Arya Samaj (Branch No.1) distributed copies of the Larousse Dictionary to some 75 students of Form 1 students after a Yajna in the hall of Arya Sabha Mauritius on 24 February 2016. In their address, Pandit M. Roopun and Mr. D. Moher, Rector emphasised on the importance of a holistic approach to education embracing values in life, thus lead to success and prosperity.

Mr. Vishnu Appadu, the senior most

member of the Port Louis Arya Samaj, former Deputy Head Teacher symbolically handed a dictionary to Mrs. Domah, Deputy Rector of the college. Mr. V. Appadu called upon the students to make good use of the dictionary.

8. A success worth sharing

Success is not easily achieved, especially at a very young age. Those who do deserve praise and respect.

Form IV student, Keshav Sharma Doonookdharee obtained due recognition for his achievements as a Professional First Aider after diligent study and practice of First Aid for 5 years. He has won several awards amongst which the Gold Medal of National Youth Achievement Award. Interviewed by a panel of Professional First Aiders, he was duly certified as having satisfied all criteria of standard practices in First Aid and was awarded a Gold Medal. Keshav is the leader of the Fellowship First Aiders team at the college.

YOUTH : FACING CHALLENGES

by Dharamveer Gangoo, President MAYS

Due to globalization, there is fear that our language and culture would be swamped and there would be culture erosion. Owing to the onslaught by media that threat culture is real.

The tendency to revolt and question the authority and time honored customs and practices by the growth have become a common characteristic. The ferment today is deep and intense. With the influence of mass media, sophisticated technological devices and increasing social freedoms, young people today learn faster and mature earlier. They become quickly aware and deeply resentful of the differences between what elders say and they do. Too often, while fighting for their beliefs, young people disregard basic human values and rights, which they espouse.

Todays' youth have to face social problems. (Substance abuse, drugs and alcohol, etc.) under-employment, glorification of sex and violence in media are some of the stumbling blocks for youth. The internet has fostered a lack of personal interaction as young people are glued to social networking sites than to family members. As a result, personal and social interactions as well as the related moral and family values have suffered a setback. The influence of media is triggering violence and destructive behavior among our youngsters. Over exposure to television and movies has instilled a feeling of heroism related to violence.

On the other hand, over-parenting and under-parenting are inhibiting the healthy/overall development of children. Problems related to communication and generation gap between youth and their elders give rise to friction between parents and children. Youth believe themselves to be old enough for taking their own decisions on social and personal matters while their parents refuse to hand over this responsibility.

To face the social challenges, youth should be well equipped with self-awareness and spiritual power. It is our sacred duty to guide and counsel our youngsters. They should be endowed with ethical values, cultural heritage and traditions. We must guide them to embrace honesty and fairness. We need youth to be positive, progressive and pragmatic. They should be able to discriminate between right and wrong, false and truth, good and bad. Youth need to improve their health awareness, confidence and communication skills so as to make better life choices.

The Vedic ideals are best suited for our dynamic global village dominated by technology. The philosophy of Arya Samaj holds significant treasures for the evolution of our youth. Our endeavour should be geared to expose our youth to the noble Vedic way of life, empower them spiritually, which would mould their self-awareness in tune with the reality of existence.

The challenges of our youth cannot be met without the positive contribution of their parents. There are parents who have discarded the garb of primary educators. They shy away and resent their responsibility as parents. Responsible parents must know what is expected and required from their children. It is their responsibility to give their child love and inculcate values and discipline. Parents should adopt a 'teach and support' style of parenting rather than a 'protect or compensate' method.

To conclude, I would like to say that our youth need to be guided and groomed to discover, unearth and enrich their creative potential to reveal the treasure within them to emerge as full – fledged lifelong learners, ready to unlearn and relearn and imbued with core human values. They need our energy, our heart and our mind. Our Arya Samaj should nurture their needs, challenges and abilities. We must kindle a smile on their faces, joy and light on their lives and hope for the future.

I strongly believe that character building will surely bring hope and happiness in our youngsters' life in this ever changing innovative society.

The Youth of Today

One should always be ready to accept Truth and give up Untruth

4th Principle of Arya Samaj

Sookraj Bissessur

The youth of to-day is faced with the big challenge: to change both from inside-out from a psychological perspective and from outside-in as they do make good sense and appreciate the material world.

Youth should be responsive to human compassion and they should assume responsibility for what they do, and what they will do in future.

Youth of today are the parents of tomorrow. They should no more think in term of Me, Myself and I, but rather think in term of **WE**.

Technology is certainly not an end in itself; rather it is a means to connect people. When put in its right perspective, technology has the tremendous capacity to marvel the inquisitive mind.

If we do not harness our most powerful energy to move up to divinity, then we will have wasted the precious opportunities in life.

The world is in perpetual change. It is vital for us not to miss the train.

We cannot help everyone, but everyone can help someone.

Failure is not falling down, but refusing to get up.

I walk slowly but I never walk backward. *(Abraham Lincoln)*

The motto of life is work. Working just with a personal motive only aiming for personal power – means committing a huge Mistake.

The main purpose of hard work – is to sustain life. The very purpose of our life is to get closer to God.

Character is the real foundation for real success.

Hard Work overcomes hardship.

Having an aim is the key to achieving your best.

Success does not come to you. You need to go to it!

No one has ever gained anything by doing wrong.

God always supports the one who fight for truth and speaks the truth. *(Maharshi Dayanand Saraswatee)*

Anger gives rise to anger as well as danger.

We must always find our happiness in other people's happiness.

Pure Love always gives life.

A man has to unite with mother nature. Man has to walk/work hand in hand with nature.

Let us live by the power of our examples and not by the example of our power.

Let us always be pragmatic, positive, dynamic and imaginative.

ARYODAYE
Arya Sabha Mauritius
1,Maharshi Dayanand St., Port Louis,
Tel : 212-2730, 208-7504, Fax : 210-3778,
Email : aryamu@intnet.mu,
www.aryasabhamauritius.mu
प्रधान सम्पादक : डॉ० उदय नारायण गंगू,
पी.एच.डी., ओ.एस.के., आर्य रत्न
सह सम्पादक : श्री सत्यदेव प्रीतम,
बी.ए.,ओ.एस.के,सी.एस.के.,आर्य रत्न
सम्पादक मण्डल :
(१) डॉ० जयचन्द लालबिहारी, *पी.एच.डी*
(२) श्री बालचन्द तानाकूर, *पी.एम.एस.एम, आर्य रत्न*
(३) श्री नरेन्द्र घूरा, *पी.एम.एस.एम*
(४) योगी ब्रह्मदेव मुकुन्दलाल, *दर्शनाचाय*
Printer : BAHADOOR PRINTING CO. LTD
Ave. St. vincent de Paul, Les Pailles,
Tel : 208-1317, Fax : 212-9038